Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 13-05-2005

Participants : Singh Shri Ganesh Prasad

>

Title: Need to clear the proposal of the Government of Bihar for construction of a barrage at Hamidnagar.

श्री गणेश प्रसाद सिंह (जहानाबाद) : बिहार राज्य के जहानाबाद, अरवल, गया, नालंदा एवं पटना जिलों के किसानों के हित में पुनपुन, दरधा एवं मोरहर नदी परियोजना के तहत हमीदनगर में बराज निर्माण की योजना केन्द्र सरकार के समक्ष पिछले पांच दशक से लंबित है। इस संबंध में राज्य सरकार ने प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेजा है, परंतु यह परियोजना केन्द्रीय जल आयोग एवं जल संसाधन विभाग, भारत सरकार की संचिकाओं में लंबित है। उक्त परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के निर्माण से लगभग 50 हजार हेक्टेयर असिंचित भूमि की सिंचाई होगी, जिससे मध्य बिहार के किसानों के बीच खुशहाली आएगी।

अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट कराते हुए उक्त परियोजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के लिए अनुरोध करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri E.G. Sugavanam – not present.

Shri Mohd. Shahid Akhlaque – not present.

Shri Sunil Kumar Mahato – not present.

Shri P. Karunakaran.